संक्षिप्त

रक्तदान शिविर का आयोजन

पावटा। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आज एस.के हॉस्पिटल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक छठे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में युवा और महिलाए रक्तदान मे बढ़ चढकर भाग लेंगे। एस के हॉस्पिटल डायरेक्टर वीरेंद्र गढ़वाल, रामकरण राठी, अखिलेश यादव ने बताया कि समस्त पावटा विराटनगर ग्राम जनता के सहयोग से रक्तदान शिविर मे जीवन दाता ब्लड बैंक कोटपुतली द्वारा रजिस्ट्रेशन कर रक्त संग्रहित किया जाएगा। आपातकालीन परिस्थिति में रक्त की आवश्यकता होने पर भी समिति के सदस्यों के द्वारा रक्त उपलब्ध करवाया जाता रहा है। रक्तदान शिविर को लेकर एस के हॉस्पिटल डायरेक्टर वीरेंद्र गढ़वाल ने बताया कि युवाओ को समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित और हृदय सम्बन्धी रोगों से बचाव रहता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत विरेन्द्र गढ़वाल डायरेक्टर एस के हॉस्पिटल एवं रामकरण राठी द्वारा माला एवं साफा पहनाकर व रक्तवीरो का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा।

काजी नूरुल हसन का इंतकाल

सांभरझील, (निसं)। सांभर के शहर-ए-काजी नूरुल हसन उस्मानी का शरीर की लंबी तकलीफ के बाद आज इंतकाल हो गया। वे करीब 92 साल के थे। मकराना स्थित आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इंतकाल की खबर मिलने के बाद जामा मस्जिद के बाहर काफी तादाद में मुस्लिम समुदाय की लोग जुट हो गए। दुख जताने के लिए काफी तादाद में उनके आवाज पर भी लोग इकट्ठा हुए। बताया गया कि शाम 4 बजे जनाजे की नमाज़ पढ़ाई गई. जनाजे की नमाज़ मिया साहब की कब्रिस्तान के पास में अदा की गई। उनके जनाजे को उनके भाई काजी गफ्फारूल हसन उस्मानी व उनके परिवार के मेंबरों के अलावा अनेक मोजीज लोगों ने कांधा दिया। उनके जनाजे में अनेक समाज के लोगो ने भी शिरकत की तथा उनके इंतकाल पर गहरा दुख व्यक्त किया। मियां साहब की बगीची नरेना रोड स्थित कब्रिस्तान में मुस्लिम रीति रिवाजों ओर मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरुओ की देखरेख में सुपुर्द ए खाक किया गया।

पंकज बने कोली समाज के अध्यक्ष

टोंक। महादेवाली मेला आयोजन समिति कोली समाज टोंक द्वारा सर्वसम्मति से पंकज महावर पूर्व पार्षद को के समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस असवर पर समाज के गणमान्यजनो ने अध्यक्ष को शुभकामनाएं और बधाई दी है, पंकज महावर ने कहा है कि वह समाज के विकास के लिए "सबका साथ सबका विकास" के अंतर्गत कार्य करेंगा और समाज को आगे बढायेगा। इस दौरान लखन महावर, सुरेश महावर, विष्णु, राजेश, सुरेश बुंदेल, हीरालाल महावर, लेखराज महावर, अशोक, मुकेश इत्यादि ने अध्यक्ष को बधाई दी है।

एक दिवसीय सत्संग आज

निवाई। गंगा जमना गार्डन में 23 मार्च को सुबह 10 बजे संत रामपाल महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सत्संग के माध्यम से बताया जाएगा की परमात्मा, अल्लाह, खुदा, गॉड, वाहेगुरु एक ही हैं। सभी धर्म एक है उनके नाम भिन्न है, परमात्मा कौन है, मनुष्य के जीवन का मूल उद्देश्य क्या है, 84 लाख प्रकार की योनिया क्या होती है व पूर्ण मोक्ष क्या होता है सहित कई आध्यात्मिक प्रश्नों के बारे में सभी धर्म ठांथो के अनुसार जानकारी दी जाएगी। श्रद्धालु ऋषिपाल ने बताया कि संत रामपाल महाराज का उद्देश्य नशा मुक्त, दहेज मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त आध्यात्मिक समाज का निर्माण करना हैं। युवाओं को अध्यात्मक की तरफ अठासर करना व समाज में भाईचारा स्थापित करना है।

रक्तदान शिविर आज

निवाई। शहीदी दिवस के पावन अवसर पर इंदिरा कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर में निवाई जीवन दाता फाउंडेशन एवं जगदंबा फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मनीष मीणा ने बताया कि सरदार भगत सिंह एवं सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

आमेर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर मंथन

मानपुरा माचेडी । मानपुरा माचेडी के सेवड माता मंदिर परिसर में शनिवार को आमेर ब्लॉक कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक आमेर ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय व संगठनात्मक मजबूती को लेकर चिंतन मनन किया गया।संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल मीणा, जयपुर ग्रामीण प्रभारी आर.सी.चौधरी आमेर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा, आमेर प्रभारी पुष्पेंद्र मीणा , कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपजिला प्रमुख मोहन डागर ने कार्यकर्ताओ के साथ विचार-विमर्श कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु मंथन किया।विधायक प्रशांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।आपस मे गलतफहमी हो सकती हैं।हम सब को मिलकर संगठन को ओर मजबूत बनाने के लिए आपसी समन्वय बनाना आवश्यक हैं।जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा ने कहा कि बैठक में सभी को अपने विचार व्यक्त करने चाहिए जिससे संगठन में कही कोई कमी है तो उसका पता चलता है।जिसमे सुधार किया जा सके। आमेर प्रभारी पुष्पेंद्र मीणा ने आमेर के सभी मंडलो में पहुँच कर कार्यकर्ताओ से बैठक बात कर आपसी समन्वय बनाए जाने की बात कही।कुछ कार्यकर्ताओ ने युवाओं के साथ वरीष्ठ कार्यकर्ताओं को भी बराबर सम्मान दिए जाने की मांग की। इस दौरान मानपुरा मंडल अध्यक्ष गिर्राज मेंथला, पूर्व पसस मामराज गुर्जर, महासचिव कालूराम कुम्हार, रामसिंह खडोत्या, चौप मंडल अध्यक्ष सुरेश बागड़ा, सुल्तान नेगी, कल्याण सहाय, मुकेश सिंह, सुनील मीणा,जीतू गुर्जर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

मानपुरा माचेडी में आमेर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा।

- बैठक में कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय व संगठनात्मक मजबूती को लेकर चिंतन मनन किया

राहुल गौतम का निवाई में स्वागत

निवाई। अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी व राष्ट्रीय महामंत्री राहुल गौतम का निवाई पहुंचने पर गौतम समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति अध्यक्ष जगमोहन गौतम, श्री गौतम नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविंद्र गौतम, युवक संघ के जिला महामंत्री लोकेश जौंला व तहसील अध्यक्ष पंकज गौतम के नेतृत्व में समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जोशी का माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जोशी ने कहा कि समाज की एकता से ही हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। समाज को एकजुट कर हर कार्य में लगे रहना चाहिए। जिससे एकता दिखाई देने के साथ ही जो भी कार्य हाथ में लिया गया है उसे पूरा किया जा सके।

राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ

निवाई। योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान तत्वावधान में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित कार्यशाला सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप विषय पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरसी अहमदाबाद के निर्देशक डॉक्टर अजीत कुमार ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया। विशिष्ट अतिथि लायन्स क्लब के जोनल चेयरमैन ज्ञानचंद जैन, सहायक प्रोफेसर सीआरसी अहमदाबाद प्रियंका चौहान एवं योगेश संस्थान के सचिव डॉ. सीताराम स्वामी निवाई रहे। शनिवार को कार्यशाला के प्रथम दिन प्रथम सत्र में सीआरसी अहमदाबाद के निर्देशक डॉ. अजीतकुमार ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप पर संक्षिप्त परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के सीखने की सार्वभौमिक प्रारूप की पहचान करवाई गई। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में सीआर सी अहमदाबाद के निर्देशक डॉ. अजीतकुमार ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप के सिद्धांत पर गहराई से प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में सीआरसी अहमदाबाद के सहायक प्रोफेसर प्रियंका चौहान ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप पाठ्यक्रम के घटकों पर विस्तार से चर्चा की। चतुर्थ सत्र में विशेष शिक्षा योगेश संस्थान के व्याख्याता अरविंदकुमार टेलर ने सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप का विद्यालय में प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी।

- कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुई चर्चा

उक्त कार्यशाला से विशिष्ट शिक्षा के क्षेत्र में पुनर्वास विशेषज्ञों के अपने ज्ञान वर्धन में लाभ होगा तथा नवाचारों से अवगत होंगे। जिससे इस प्रकार की सीखने का सार्वभौमिक प्रारूप के प्रबंधन से विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन दिव्यांगों को पुनर्वास विशेषज्ञ द्वारा लाभान्वित किया जा सकेगा। कार्यशाला में अतिथियों ने योगेश शैक्षिक पुनर्वास संस्थान की गतिविधियों से अवगत होकर संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक ब्लॉक स्तर पर राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं इतना बड़ा मानव सेवा का कार्य है जो यहां किया जा रहा है। इसके लिए योगेश शैक्षिक पुनर्वास एवं शोध संस्थान निवाई धन्यवाद के योग्य है। ऐसी छोटी जगह पर भी संस्थान इस तरह के कार्य का विशेष शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यकताओं को पूरी करते हुए दिव्यांगों एवं पुनर्वास विशेषज्ञों के कल्याण का कार्य कर ही रही है और दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रमुख कार्य भी किया जा रहा है। कार्यशाला कोऑर्डिनेटर मनोजकुमार स्वामी ने सभी अतिथियों, सहभागियों एवं रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सरिता शर्मा, राकेश स्वामी, हेमंत कुमार व मुकेशकुमार गुर्जर सहित सभी व्याख्याता उपस्थित रहे।

'टीबी हारेगा देश जीतेगा के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं'

कन्हैयालाल चौधरी जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

टोंक। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को टोंक जिला मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

उन्होंने कृषि ऑडिटोरियम में विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है।कैबिनेट मंत्री ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने जोर दिया। "टीबी हारेगा देश जीतेगा" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान को लेकर सरकार की मंशानुरूप चिकित्सकों व कार्मिकों को कार्य करने के निर्देश दिए। चौधरी ने वर्ष 2023 में टीबी से मुक्त हुई जिले की 16 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।

किशनगढ़ बास में सफाई कर्मी हड़ताल पर

किशनगढ़ बास। नगर पालिका जहां शहर को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान चलाए हुए हैं तो दूसरी ओर ठेका पद्धित पर सफाई व्यवस्था में लगे सौ से ज्यादा कर्मचारी मासिक वेतन और वर्षो से पीएफ का पैसा नहीं मिलने से परेशान है। नगर पालिका अधिकारियों और ठेकेदारों की मनमानी को लेकर परेशान सफाई कर्मियों ने एसडीएम मनीष जाटव को लिखित में शिकायत देकर शहर में सफाई करना बंद कर दिया है।

नगरपालिका ठेकेदार व पालिका अधिकारियों की मनमानी को लेकर राजेश कलो मनीष संतोष पुजा रामबार सन्तोष हंसा अमीर अजय सीमा उषा प्रेम आदि ने एसडीएम को लिखित में शिकायत करते हुए बताया है कि हम सभी सफाई कर्मी नगरपालिका में अस्थाई तौर पर सफाई कर्मी का कार्य सालों से करते आ रहे है। नगरपालिका से हमे हमारा मासिक वेतन जो दिया जाता है उसमे भी ठेकेदार वेतन देने मे आनाकानी करता है वेतन रोक लेता है जिसके कारण हमारे परिवार को चलाने मे काफी परेशानी आती है, कचरा उठाने वाली गाडीया बिल्कुल खराब है उनका मेन्टीनेन्स नही होता है जो कही भी बीच रास्ते मे खराब होकर खडी रहती हों जाती है। कर्मचारियों ने बताया कि हमारा सभी कर्मचारियों का ठेकेदार ने पी एफ रोका हुआ है। ठेकेदार ने 2 साल का पी एफ नही दिया है। टिप्पर ड्राईवरों के ठेकेदार ने ड्राइवरों की 2 महिने से तनख्वाह रोक रखी है। ये तीनो ठेकेदारो ने हमारी रकम हडप कर रखी है। हम गरीब सफाई कर्मियों को हमारा पैसा ठेकेदारों से दिलवाया जाए।

सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम को लिखित में की शिकायत में कहा है कि कर्मचारियों को जब तक ठेकेदारों से उनका वेतन और पीएफ का पैसा नहीं दिलाया जाता है तब तक वह शहर में सफाई का काम ना तो करेंगे और ना किसी को करने देंगे। एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों की शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई करने व ठेकेदार से पैसा दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

किशनगढ़ बास में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर झाड़ू लेकर विरोध जताते महिला कर्मचारी।

पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में नाबार्ड के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय दौरा संपन्न

हरिद्वार। भारत के शीर्ष राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के लिए शीर्ष पर्यवेक्षी निकाय के रूप में एक दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में निवेश और समतापूर्ण कृषि को बढ़ावा देने पर केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से हुआ। पूज्य बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट करके किया। कार्यक्रम में नाबार्ड के प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने सामूहिक सहभागिता दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण उद्यमों के विकास के लिए देश की सबसे महत्त्वपूर्ण संस्था है। इसकी कई योजनाएँ पशुपालन के लिए हैं, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ब्याज़ सहायता योजना, दीर्घावधि ऋण और पशुपालन आधारभूत संरचना विकास निधि आदि हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पूंजी निवेश, स्थिर आय और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है।

नाबार्ड ने ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचारों, सामाजिक बदलाव और सामाजिक उद्यमों की स्थापना में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने पतंजलि की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि क्षेत्र में पतंजलि की कार्य योजनाओं में किसानों की आय बढ़ाना, जैविक खेती को प्रोत्साहित करना और प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाना शामिल है।

इसके अलावा, उत्तराखंड में पलायन को रोकने के लिए जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा देना भी एक प्रमुख उद्देश्य है। शहद और अन्य कृषि उत्पादों का सीधे क्रय करने के माध्यम से पतंजलि ने किसानों की आय को दोगुना करने का प्रयास किया है। वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का है और पतंजलि ने भरूआ सोल्यूशन के अंतर्गत बी-बैंकिंग के माध्यम से किसानों को डिजिटल रूप से जोड़कर उनके ऋण की पारदर्शिता सुनिश्चित की है। इसके साथ ही पतंजलि के माध्यम से किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य भी मिल रहा है। पतंजलि जैविक अनुसंधान संस्थान ने एक मृदा परीक्षण किट भी विकसित की है जो कृषि मापदंडों जैसे पीएच, नाइट्रोजन, कार्बनिक कार्बन, फास्फोरस, पोटेशियम का निर्धारण केवल 20 मिनट में करती है।

पूज्य बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट करके किया।

'अच्छा आदमी बनना बहुत बड़ी बात है'

निवाई । सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन, अग्रवाल मंदिर, दिगंबर जैन बड़ा मंदिर एवं नसियां मंदिर में आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति एवं विशेषमति माताजी के सानिध्य में श्री जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याण महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। विज्ञातीर्थ कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं प्रतिनिधि हितेश छाबडा ने बताया की रविवार को निवाई के सभी की जिनालयों में प्रात:काल अभिषेक, शांतिधारा एवं ऋषभदेव समवशरण मंडल विधान पूजा, नव देवता पूजा, भक्तामर पूजा एवं देवशास्त्रगुरु पूजा की जाएगी।

जन्मकल्याणक महामहोत्सव 23 मार्च को संपूर्ण विश्व में धर्म प्रभावना के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को सायंकाल में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में सभी महिला मंडलों द्वारा सामूहिक संगीतमय भक्तामर की दीप अर्चना के साथ पाठ व पालना झूलाने का कार्यक्रम रखा गया है। शनिवार को श्रुरुतमति माताजी ने विश्व को संबोधन करते हुए कहा कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ने विश्व को असी मसी कृषि वाणिज्य शिल्प का उपदेश दिया था।

सार-समाचार

छोटी बच्चियां बनी ईसर गणगौर

निवाई। शहर की न्यू इंदिरा कॉलोनी में 16 दिवसीय गणगौर हर्ष और उल्लास से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन महिलाएं और बालिकाएं सुबह ईसर व गणगौर की नियमित पूजा कर रही हैं। इसी क्रम में शाम को 5 बजे कालोनी के एक घर से बच्चों को दूल्हा और दुल्हन बनाकर और गणगौर को सजा के ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में कॉलोनी की प्रियंका जैन, सुमन गुप्ता, अनिता गुप्ता, राधा पारीक, अनु पारीक, रश्मि शर्मा, मोनिका, गुड्डी जैन व मीना जैन सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी। ईसर व गणगौर का कॉलोनी में नाच गाने के साथ जगह जगह स्वागत किया गया।

विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

निवाई। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार भगवान आदिनाथ जयन्ती को लेकर लिटिल एंजल माई छोटा विद्यालय में पोस्टर एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिता सहित कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सैकड़ों बच्चों ने पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कार जीता। मीडिया संयोजक विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सेवा की न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मेधा जैन, जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, चित्र अनावरणकर्ता मोहित चंवरिया एवं दीप प्रज्वलितकर्ता सुशील कटारिया ने भगवान आदिनाथ एवं सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय प्रभारी रिषभ जैन, दीप्ति जैन एवं सह प्रभारी संगीता संघी के निर्देशन में भगवान आदिनाथ के चित्रण की बच्चों ने पोस्टर पेंटिग बनाई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अशोक बिलाला, शिखरचंद काला, हेमराज नमक, डॉ. अवधेश जैन, डाक्टर राहुल जैन, डाक्टर मुकेश सामोता, डाक्टर ममता बिजराणियां, महेन्द्र संघी, पदमचंद टोंग्या राकेश संघी व मुकेश संघी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

ज्ञानचन्द जैन बने परिषद अध्यक्ष

मालपुरा (निस) शनिवार को भारत विकास परिषद के नवीन सत्र 2०25-26 के लिये अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। ज्ञानचन्द जैन को नवीन सत्र के लिये निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। परिषद के पूर्व सचिव ताराकांत पाठक ने नवीन सत्र अध्यक्ष के लिये ज्ञानचन्द जैन के नाम का प्रस्ताव रखा। निर्वितमान अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा सहित परिषद के सभी सदस्यो ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुये नवीन अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया मे ज्ञानचन्द जैन के नाम पर सर्वसम्मति बनाई। जिस पर ज्ञानचन्द जैन ने परिषद सदस्यो का आभार जताते हुये जल्द नवीन कार्यकारिणी का गठन कर परिषद के माध्यम से सामाजिक सरोकार के कार्य करने का संकल्प लिया। परिषद सदस्य धर्मवीर जांगिड को हाल ही मे पचेवर भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर परिषद की और स्वागत अभिनन्दन किया गया। दिनेश विजय ने बताया कि ज्ञानचन्द जैन नवीन सत्र मे संभालेगें कार्यभार। इससे पूर्व शनिवार को राजस्थान सरकार की कौशल विकास योजना के अन्तर्गत परिषद द्वारा नि:शुल्क रोजगार परामर्श एवं प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण शिविर लगाया गया। जिसमे 5० से अधिक युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। जिन्है नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पावटा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जाएगा। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए शनिवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा, प्रागपुरा, कुनेड मे चल रहे तीन दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करवाने के लिए किसान मौजूद रहे। शनिवार को पालिका में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया गया। पालिका कार्यालय पावटा शिविर में आए किसान मालीराम बाड़ीगर, भैरूराम, दुलीचंद का आरोप है कि शिविर में गर्मी को देखते हुए छाया के अलावा पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की ही व्यवस्था नहीं की गई है। पालिका क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री कैंप के पहले दिन किसान केवाईसी, किसान भूमि सत्यापन, पीएम सम्मान निधि लाभार्थीयो वेरीफिकेशन, आयुष्मान कार्ड ई-केवाईसी, आवेदन पीएम सूर्य घर योजना, पेंशन पोर्टल पर वेरिफिकेशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, मंगला पशु बीमा, किसान क्रैडिट कार्ड, नरेगा आवेदन, पीएम आवास योजना व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए। फार्मर रजिस्ट्री कैंप में किसान अपनी वर्तमान जमाबंदी, आधार कार्ड जन आधार एवं ओटीपी के लिए आधार कार्ड से लिंक मोबाइल लेकर पहुंचे। शिविर के मौके पर गिरदावर रामनिवास मीणा, शशिधर यादव, प्रमोद पटवारी, जीतू पटवारी, अमित यादव फाइनेंशियल काउंसलर, हितेश मीणा, संजय, राकेश, मालीराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बैठक आयोजित

निवाई । अलियाबाद मोड़ पर स्थित अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज छात्रावास में शनिवार को छात्रावास समिति व हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद, जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया व समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा अलियाबाद ने कहा कि समाज के विकास में भामाशाह अपनी भागेदारी निभाएं। जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा ने कहा कि मनुष्य की पहचान उसके समाज, संस्कार एवं शिक्षा से होती है। मजबूत समाज के निर्माण के लिए बालिका शिक्षा जरूरी है। जिला महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा ने बताया कि छात्रावास में सर्वसमाज के छात्र-छात्राओं के लिए 31 मार्च से कक्षा 8वीं तक के हिन्दी व अंठोजी माध्यम महर्षि हारीत एकेडमी का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रवेश प्रक्रिया सुचारू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त संस्थान में कार्य हेतू प्रशिक्षित एवं अनुभवी अध्यापक व अध्यापिकाएं 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान महर्षि हारीत एकेडमी के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण डरनायत खेडा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल शर्मा, मांगीलाल सरसिणया, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा, शंकरलाल बेद, बनवारीलाल शर्मा, भैरूलाल शर्मा, सत्यनारायण पंचोली चाकसू, संजय शर्मा, महेश सामोत्या, सुरेश सिंगवाडिया, मदन शर्मा बहकवा व अर्जुन शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण'

टोंक। विकसित भारत युवा संसद-2025 के तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टोंक में आयोजित संवाद कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत सबसे अधिक युवा आबादी का देश है, इसलिए युवा अपनी ऊर्जा देश निर्माण में लगाएं। चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में बड़ी पहल है, युवा इस विषय पर संवाद कर अपने विचार व्यक्त करें। इस दौरान पूर्व विधायक अजीत मेहता, चंद्रवीर सिंह चौहान, पूरण सिंह ने युवा शक्ति को देश के विकास एवं रचनात्मक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, सफाई आयोग के पूर्व सदस्य दीपक संगत, सीईओ परशुराम धानका, प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा समेत महाविद्यालय के प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्मिक मौजूद रहे।